भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 177

दिनांक 20.07.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

नल से जल योजना

177. **श्री दुर्गा दास उइकेः**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बैतूल संसदीय क्षेत्र के आदिवासी और पहाड़ी क्षेत्रों, विशेषकर शाहपुर, भीमपुर, भैसदेही, टिमराही ब्लॉकों में पानी की आपूर्ति के लिए नल से जल योजना के उचित कार्यान्वयन के लिए मंत्रालय द्वारा कोई कार्य योजना तैयार की जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो उक्त क्षेत्रों में इस योजना के तहत अगले दस वर्षों में जल आपूर्ति की स्थिति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): भारत सरकार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ भागीदारी में, अगस्त 2019 से, जल जीवन मिशन (जेजेएम) का कार्यान्वयन कर रही है, ताकि मध्य प्रदेश के बैतूल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के शाहपुर, भीमपुर, भैसदेही, टिमराही ब्लॉकों सहित देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार में नल जल आपूर्ति की व्यवस्था की जा सके।

मध्य प्रदेश में जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, 13.53 लाख (11.28%) ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन होने की सूचना मिली थी। तब से, अतिरिक्त 47.51 लाख ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। 18.07.2023 तक, मध्य प्रदेश में कुल 119.65 लाख ग्रामीण परिवारों में से 61.04 लाख (51.02%) परिवारों में नल जल आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार, 18.07.2023 तक मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के 2.73 लाख परिवारों में से 1.86 लाख ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, मध्य प्रदेश के बैतूल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के शाहपुर, भीमपुर, भैसदेही, टिमराही ब्लॉकों सहित ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, जिला और गांव-वार स्थिति, कवरेज की उनकी स्थिति आदि को दर्शाने वाला विवरण पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है और जेजेएम डैशबोर्ड पर निम्न लिंक पर उपलब्ध है:
https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMIndia.aspx.

****